अन्तर्राष्ट्रीय न्याय दिवस- महिला अध्ययन केन्द्र, दुवासू

विश्वविद्यालय में महिला अध्ययन केन्द्र के अंतर्गत महिलाओं के लिए विभिन्न गतिविधियों के आयोजन प्रारम्भ हो चुके हैं जिसके तहत विश्वविद्यालय के महिला अध्ययन केन्द्र ने अन्तर्राष्ट्रीय न्याय दिवस के अवसर पर सहजादपुर गांव की महिलाओं को जागरूक कराया।

दिनांक २३ जुलाई २०२१ को गांव सहजादपुर की १४ महिलाओं को स्वाभिमान, स्वालम्बन की ओर प्रेरित करने के लक्ष्य से इनको विश्वविद्यालय की टीम द्वारा जागरूक किया गया ।

इन प्रतिभागियों को अन्तर्राष्ट्रीय न्याय दिवस के प्रति जागरूक करते हुए सरकार द्वारा महिलाओं के लिए बनाए गए कानूनो , विभिन्न योजनाओं एवं यदि कोई कठिनाइयां आये किस तरह उसका निराकरण करना है की जानकारी देते हुए समन्वयक डॉ रश्मि सिंह , डॉ अम्बिका शर्मा,डॉ पारुल,डॉ रश्मि एवं श्रीमती अर्चना ने मुख्य समन्वयक डॉ संजीव कुमार सिंह के साथ विश्वविद्यालय के प्रसार विभाग में चर्चा कर प्रोत्साहन बढ़ाया साथ ही महिलाओं को कोरोना के खिलाफ टीकाकरण एवं मास्क पेहनने को एक राष्ट्रीय स्वास्थय हित में स्वयं की जिम्मेदारी समझ कर उसे महत्त्व देने के प्रति सचेत किया ।

इसके तहत राष्ट्रीय महिला आयोग एवं उत्तर प्रदेश राज्य महिला आयोग के संयुक्त तत्वाधान में दुवासु प्रांगण के किसान भवन में आयोजित एक दिवसीय विधिक जागरूकता शिविर में इन महिलाओं ने खुस होकर प्रतिभाग किया।

राज्य महिला आयोग की उपाध्यक्ष श्रीमती अंजू चौधरी ने महिलाओं को आत्मनिर्भर बनने और अपने कार्य को पूर्ण करने में सक्षम होने की हिदायत दी ।उन्होंने ये भी कहा की भारत का संविधान कहता है -"WE, THE PEOPLE OF INDIA"- संविधान के प्रारम्भ में “हम” दोनों पुरुष एवं महिला को दर्शाता है फिर डिस्क्रिमिनेशन क्यों? इसके अलावा किसान भवन में आयोजित कार्यक्रम में घरेलु हिंसा से महिलाओं को संरक्षण ,कार्यस्थल पर लैंगिक उत्पीड़न निषेध अधिनियमों की जानकारी दी एवं महिलाओं के संपत्ति एवं भरण पोषण के अधिकार , यौन शोषण, दहेज़ उत्पीड़न साइबर क्राइम, कन्या भ्रूण हत्या, मानव तस्करी आदि महिलाओं सम्बन्धी सामाजिक समस्याओं पर चर्चा कर महिलाओं को प्रेरित करने का प्रयास किया गया।

दुवासू मथुरा महिला अध्ययन केन्द्र टीम , दुवासू टीम ग्रामीण महिलाओ के साथ

राज्य महिला आयोग की उपाध्यक्ष श्रीमती अंजू चौधरी ग्रामीण महिलाओं को सम्बोधित करती – दुवासू प्रांगण के किसान भवन में आयोजित एक दिवसीय विधिक जागरूकता शिविर